सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

झुंझुनूं, (निसं)। जिला मुख्यालय के बाकरा रोड स्थित स्टार एकेडमी ने महारामनवमी को अपना 10वां स्थापना दिवस समारोह संत सानिध्य में गौ सेवा कर बड़े हर्षोल्लास से मनाया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बालिकाओं ने भाषण द्वारा विद्यालय के प्रति अपनी भावनाओं को व्यक्त कर सभी को सम्मोहित कर दिया। तत्पश्चात विद्यालय परिवार झुंझुनूं स्थित ढ़ गोपाल गौशाला व बाकरा गांव स्थित गौशाला पहुंच गायों को गुड़, फल, हरी सब्जियां खिलाकर गौ सेवा की व चंचलनाथ जी टीला पीठाधीश्वर ओमनाथ महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। ओमनाथ महाराज ने अपने आशीर्वचनों में कहा कि आज रामनवमीं के दिन हमें ढ़राम के आदर्शों को जीवन में उतार कर मनुष्यता के महान मूल्यों की स्थापना में अपना योगदान देते हुए इस मनुष्य जीवन को सफल बनाना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन पदाधिकारियों के साथ एकेडमी एडमिनिस्ट्रेटर विकास भालोठिया, कैप्टन मूलचंद झाझड़िया, पूनम तंवर, कविता पूनियां, महिमा शर्मा, करुणा कुमारी, पिंकी जांगिड़, सविता सैनी, रिंकू चौधरी, असीतदास, विनोद कुमार, मुकेश कुमारी, पूजा स्वामी, नरेश कुमार, विकास कुमार, ममता सैनी, सुमन, मुकेश कुमार, प्रवीर पात्रा, धर्मवीर मीणा, सूरज, रोहीत कुमार यादव, प्रहलाद सिंह आदि समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

मर्यादा पुरुषोत्तम राम के जन्मोत्सव पर निकली विशाल शोभायात्रा

सीकर, (निस)। भगवान ढ़ राम जन्मोत्सव पर शहर में मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान ढ़राम की ऐतिहासिक शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का शहर में अनेक स्थानों पर पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया गया।

शोभायात्रा को लेकर शहर के लोगो में भारी उत्साह देखा गया। रामनवमी महोत्सव आयोजन समिति की ओर से निकाली गई । शोभायात्रा से पूरे शहर की रफ्तार कई घंटे तक थमी रही और शहर केसरिया भगवा रंग में रंग कर, राम मय हो गया। शोभायात्रा में शामिल लोगो से बजाज रोड, स्टेशन रोड पूरी तरह अटे रहे। शोभायात्रा में शामिल केसरिया साफा और दुपट्टे पहने लोगों का एक छोर तापड़िया बगीची से रामलीला मैदान तक और दूसरा फतेहपुरी गेट तक पहुंच गया। शोभायात्रा में राज्य सभा सांसद घनश्याम तिवारी, सांसद सुमेधानन्द सरस्वति, विधायक राजेन्द्र पारीक आदि सहित बड़ी संख्या में भक्तगण मौजूद थे। शोभायात्रा में भगवान ढ़राम और राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत जीवन्त झांकियां भी शामिल रही। दर्जनों डीजे की भक्तिमय धुनों और ढ़राम के नारो के साथ नाचते गाते अलग-अलग क्षेत्रों से राम भक्त शोभायात्रा में पहुंचे। शोभायात्रा में शामिल युवा हाथो में केसरिया पताका और केसरिया साफा पहने हुए थे। शोभायात्रा में मातृ शक्ति भी बड़ी संख्या में शामिल हुई। आयोजन समिति की ओर से स्वयं सेवको को व्यवस्था में लगाया गया था। शोभायात्रा रघुनाथजी के मंदिर से रवाना होकर, बावड़ी गेट, सुभाष चौक, गोपीनाथ जी के मंदिर, गणेषजी का मंदिर, बजाज रोड, जैन स्कूल, तापड़िया बगीची, अहिंसा सर्किल, जाट बाजार, परषुराम पार्क होते हुए रामलीला मैदान पहुंची, जहां संतों के सानिध्य में समापन हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोगों ने दीप प्रज्वलित कर आरती की। जिससे पूरा वातावरण ही भक्तिमय भाव में रम गया। समापन पर कांठोस, भाजपा के जनप्रतिनिधि और शोभायात्रा से जुडे सभी हिन्दू संगठनो के पदाधिकारी, कार्यकर्ता मौजूद रहे। शोभायात्रा के दौरान पुलिस प्रशासन पूरी तरह चाक-चौबंद रहा। जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक शोभायात्रा पर पूरी तरह से नजर बनाए हुए थे। शोभायात्रा के दौरान जाप्ते में 800 से ज्यादा पुलिस के जवान, क्यूआरटी टीम, वरिष्ठ अधिकारियों के नेतृत्व में तैनात रही। वहीं पुलिस प्रशासन ने एहतिहात के तौर पर ब्रजवाहन, अग्निशमन और 108 एम्बूलेंस भी कई स्थानों पर मौजूद रही। वहीं शोभायात्रा के दौरान ड्रोन कैमरो से भी नजर रखी गई। शोभायात्रा में अनेक स्थानों पर पानी और ठंडे पेय पदार्था की स्टॉले भी लगाई गई। उत्साहित युवाओं ने केसरिया झंडो के साथ करतब भी दिखाए। शोभायात्रा के दौरान बैण्ड मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहा, जिसमें पूरे जोश के साथ बैण्डवादकों ने अपनी प्रस्तुतियां दी। इसके साथ ही हजारों लोग

तिरंगा हाथों में थामकर शोभायात्रा में शामिल हुए। जिससे एक अलग ही नजारा देखने को मिला। वही बैजनाथ शोभासरिया ट्रस्ट द्वारा भी रामनवमी के पर्व पर को भव्य रामनवमी महोत्सव का आयोजन किया गया।



शोभायात्रा का शहर में अनेक स्थानों पर पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया गया।

सार-समाचार

हर्षोल्लास से मनाया रामनवमी महोत्सव

चूरू,(का.सं.)। स्थानीय श्रीराम मंदिर में बुधवार को रामनवमी महोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। इस उपलक्ष्य में प्रातः प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। प्रमोद मंडावेवाला ने बताया कि पं. पूसाराम पुजारी के नेतृत्व में भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव की आरती संपन्न हुई। आरती में बड़ी संख्या में महिला-पुरुष उपस्थित थे। इस अवसर पर सभी ने भगवान श्रीराम से खुशहाली व सुख समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर कानसिंह वकील, परमेष्वर, हरि प्रसाद शर्मा, श्याम सुंदर शर्मा, अनिल गोयल, अशोक बजाज, सतीश शास्त्री, शिवकुमार शर्मा, नरेंद्र, रामगोपाल, सुरेश सारस्वत, शिव भगवान, संजय बजाज, गौरव मंडावेवाला, मुरलीधर आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर मन्दिर की भव्य सजावट की गई। निरंकारी मंडल द्वारा जल सेवा की गई। प्रमोद मंडावेवाला व श्रीराम मंदिर परिवार आयोजन समिति के सभी सदस्यों ने आगंतुकों का आभार प्रकट किया।चूरू-17 अप्रैल-2- चूरू के राम मंदिर में भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। बजरंग सैनी

121 कन्याओं को भोजन कराया

पाटन,(निसं)। निकटवर्ती ग्राम हसामपुर की पहाड़ी पर स्थित मनसा माता मंदिर में नवमी तिथि को सिद्धिदात्री देवी के अभिषेक के साथ नवचंडी पूजा का शुभारंभ किया गया तंवरावाटी के इतिहास अनुसार मनसा माता का मंदिर दसवीं, ग्यारहवीं सदी का प्राचीन मंदिर बताया गया है । यहां देवी की तीन पिंडी रूप में भक्तों को दर्शन होते है। यहां नवरात्रि में प्रतिपदा से नवमी तक दूर दराज से हजारों भक्तगण आकर माता के गठ जोड़ा, जडूला की जात लगाकर माता से मन्नत मांगते हैं। मंदिर महंत केशव भारद्वाज के सानिध्य में नवचंडी का आयोजन किया गया।आचार्य अनिल शर्मा,संजय मिश्रा शास्त्री ने बताया कि भागवत, विष्णु पुराण एवं वेदों में मनसा देवी का नाग कन्या के रुप में विवरण दिया गया है। इस अवसर पर अष्टमी रात्रि को हवन का आयोजन किया गया व 121 कन्याओं को भोजन कराया गया। इस अवसर पर विजय हसामपुरिया,निखिल अग्रवाल, सांवर मल, ज्ञानचंद हसामपुरिया, मुलचंद यादव, धर्मपाल यादव,कमल कुमावत कपिल अग्रवाल, विजय अग्रवाल दिल्ली , राकेश मंगल, राजेश मंगल कोटकपूरा पंजाब सहित सैकड़ों भक्तों ने पंगत प्रसाद ग्रहण किया।

डॉर-टू-डॉर जन सम्पर्क अभियान किया

पाटन,(निसं)। लोकसभा चुनावों को मध्य नजर रखते हुए एवं आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुए पार्टी के आला कमान नेताओं के निर्देशन में भाजपा नेता रघुवीर सिंह तंवर भूदोली के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने पाटन वाटी क्षेत्र में जनसंपर्क कर स्वामी सुमेधानंद सरस्वती के पक्ष में मतदान करने की अपील की। भूदोली ने मंगलवार को नीमकाथाना जिले के कपिल मंडी से छावनी तक डोर टू डोर जनसंपर्क किया एवं बुधवार को पाटन तहसील के पाटन स्टैंड, कोटपूतली रोड, डाबला रोड पर डोर टू डोर जनसंपर्क करते हुए हसामपुर एवं डाबला क्षेत्र का जन सम्पर्क किया। भूदोली ने जानकारी देते हुए बताया कि गुरुवार को भूदोली, गांवड़ी, गणेश्वर एवं अन्य क्षेत्रों का डोर टू डोर जन संपर्क किया जाएगा।भूदोली भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की एवं उन्होंने बताया कि इस बार भाजपा की सीटें 400 से अधिक आएंगी।इस दौरान सूबेदार पेप सिंह खादरा, बजरंग सिंह तंवर सीआई हसामपुर, हवलदार राम सिंह, टिंकू गांवली, अंकित गणेश्वर, सतवीर भूदोली,सतीश गुर्जर बोपिया, गुमान सिंह हसामपुर सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

माइक्रोऑब्जर्वर व मतदान दलों का किया रेंडमाइजेशन

चूरू, (का.सं.)। लोकसभा आम चुनाव.2024 के दौरान नियुक्त सामान्य पर्यवेक्षक कौस्तुभ दिवेगांवकर व जिला निर्वाचन अधिकारी पुष्पा सत्यानी की उपस्थिति में बुधवार को एनआईसी वीसी सभागार में लोकसभा आम चुनाव के लिए जिले में नियुक्त माइक्रोऑब्जर्वरों व मतदान दलों को मतदान केन्द्र आवंटन के लिए तृतीय व अंतिम रेंडमाइजेशन किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी पुष्पा सत्यानी ने बताया कि इस दौरान जिले में कुल 1609 सक्रिय व 161 रिजर्व मतदान दलों तथा 72 सक्रिय व 18 रिजर्व माइक्रोऑब्जर्वरों का रेंडमाइजेशन किया गया। डीओआईटी एसीपी नरेश टुहानिया ने रेंडमाइजेशन संपन्न करवाया। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तमसिंह शेखावत, प्रशिक्षु आईएएस सक्षम गोयल, पर्यवेक्षक प्रकोष्ठ के ओमप्रकाश फगेड़िया, लाइजनिंग अधिकारी डॉ मंगल जाखड़, डॉ रविन्द्र बुडानिया, डॉ प्रशान्त शर्मा, एपीआरओ मनीष कुमार, सुनील बुडानिया, गुरप्रीत लबाना सहित अन्य उपस्थित रहे।

रामनवमी के अवसर पर आयोजित शोभायात्रा का स्वागत किया

चूरू, (का.सं.)। रामनवमी के अवसर पर चूरू जिला मुख्यालय पर आयोजित विशाल शोभा यात्रा का बैदो की धर्मशाला के पास भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता एडवोकेट सद्दाम हुसैन के नेतृत्व में युवाओं की ओर से पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया इस अवसर पर युवा कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष वसीम चौहान, कांग्रेस मण्डल उपाध्यक्ष अल्ताफ रंगरेज, कांग्रेस मण्डल सचिव सुलेमान मणीयार, इमरान सिसोदिया, असलम अन्सारी सहित काफी अल्पसंख्यक युवा उपस्थित थे।

महाराज का 428 वां प्रकाशोत्सव पर्व मनाया

बगड़, (निसं)।मुख्य बाजार स्थित ढ़ दादूद्वारा में रामनवमी पर संतकवि सुंदरदास जी महाराज का 428वां प्रकाशोत्सव पर्व महामंडलेश्वर डॉ. स्वामी अर्जुनदास महाराज के सानिध्य में मनाया गया।

स्वामी अर्जुनदास महाराज ने अपने उद्बोधन में बताया कि आप राजस्थान के निर्गुणधारा के महान संत दादूदयाल महाराज के बाल्यवस्था में ही शिष्य बन गए थे। इनका जन्म दौसा में हुआ। इन्होंने अस्सी घाट काशी में वेदांत, साहित्य और व्याकरण आदि विषयों का 18 वर्षों तक गंभीर अनुशीलन परिशीलन करते हुए अध्ययन किया। तदनंतर फतेहपुर (शेखावटी) इनकी साधना स्थली रही। आप शेखावाटी के महान संतों में से एक हुए। जिन्हें राष्ट्र कवि का दर्जा मिला। इन पर भारत सरकार ने डाक टिकट भी जारी किया। इनके लिखे भजन बहुत लोकप्रिय है। जिनमें प्रमुख हैं ज्ञान समुद्र, सुंदर विलास, सर्वांगयोग प्रदीपिका, पंचेंद्रिय चरित्र, सुख समाधि, अद्भुत उपदेश, स्वप्न प्रबोध, वेद विचार, उक्त अनूप, ज्ञान झूलना, पंच प्रभाव आदि ठांथों की रचना की। ये योग और अद्वैत वेदांत के पूर्ण समर्थक थे। दादू द्वारा सर्वाधिकारी शिष्य रोहित स्वामी ने बताया कि नवरात्र में धार्मिक अनुष्ठान सहित गुरुठांथ ढ़ दादूवाणी के 11 पाठ व राम नाम मानसिक जप यज्ञ किया गया।

गिन्नीदेवी राधावल्लभ खेतान ट्रस्ट के ट्रस्टीज ने किया गौशाला का अवलोकन

झुंझुनूं, (निसं)।श्री गोपाल गौशाला झुंझुनूं में बुधवार को श्रीमती गिन्नी देवी राधावल्लभ खेतान ट्रस्ट के ट्रस्टीज ने गौशाला अवलोकन कर ना केवल गौ माता को अपने हाथों से गुड़ खिलाकर गौ सेवा की अपितु गौ सेवा में गोदान की भी स्वीकृति दी।

जब उन्हें बताया गया कि गौशाला गिर गाय ग्यारह गौ भक्तों की ओर से लेकर आने वाली है तो उन्होंने सहर्ष अपनी ओर से भी एक गिर गाय लाने की स्वीकृति दी। ट्रस्टीज राजकुमार खेतान, अशोक खेतान, राकेश खेतान, शिशिर खेतान एवं आलोक खेतान का श्री गोपाल गौशाला की ओर से दुपट्टा ओढाकर गौ माता का प्रतीक चिह्न भेंटकर स्वागत अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम का संचालन कर रहे परमेश्वर हलवाई ने उपस्थित सभीजन से ट्रस्टीज का परिचय करवाया और बताया कि खेतान ट्रस्ट की ओर से हर वर्ष न केवल श्री गोपाल गौशाला अपितु श्री बंधे का बालाजी मंदिर ट्रस्ट, आदर्श बाल निकेतन स्कूल, अठावाल समाज एवं श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था सहित शहर की विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं में अनवरत रूप से सहयोग किया जाता रहा है।

वर्तमान में उनके द्वारा नव निर्माणाधीन इस्कॉन मंदिर के लिए 51 लाख रुपए भूमि का सहयोग भी दिया गया है। इस अवसर पर श्री गोपाल गौशाला अध्यक्ष प्रमोद खंडेलिया, कोषाध्यक्ष राजकुमार तुलस्यान, उपाध्यक्ष संजय राणासरिया, पीआरओ डॉ. डीएन तुलस्यान, संपत्त चुड़ैलेवाला, परमेश्वर हलवाई, विपिन राणासरिया, नरोत्तमलाल राणासरिया एवं नितिन नारनौली सहित अन्य जन उपस्थित थे। अठावाल समाज झुंझुनूं की ओर से परमेश्वर हलवाई, अध्यक्ष संपत्त चुड़ैलेवाला एवं पीआरओ डॉ. डीएन तुलस्यान द्वारा रोड नंबर दो पर प्रस्तावित अठासेन द्वार के लिए उन्हें मौका मुआयना करवाया गया। जिस पर उन्होंने अन्य ट्रस्टीज से बात कर स्वीकृति देने का आश्वासन दिया। इससे पूर्व ट्रस्टीज ने नव निर्माणाधीन इस्कॉन मंदिर की जमीन का मौका मुआयना भी परमेश्वर हलवाई, डॉ. डीएन तुलस्यान एवं इस्कॉन झुंझुनूं कार्यकारिणी अध्यक्ष पवन केजड़ीवाल की उपस्थिति में किया।

रामनवमी पर श्रीराम की विशाल शोभायात्रा निकाली

बीदासर,। कस्बे में रामनवमी के उपलक्ष में बुधवार को विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल एवं सभी हिन्दू संगठनों की सहभागिता से कस्बे के सीकर नोखा रोड़ स्थित राणी सती मंदिर से सैकड़ों की संख्या में ओम् अंकित भगवा ध्वजाओं, भगवान श्रीराम, बजरंग बली व अन्य देवी देवताओं की झांकियों के साथ मर्यादा पुरूषोतम श्रीराम की विशाल शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में बैंड बाजें, रथ, बग्गी, घोड़ी, ऊँट व डीजे के साथ हजारों की संख्या में युवाओं की रैली कस्बे के मुख्य मार्गों से निकली तो देखने के लिए जगह-जगह जन सैलाब उमड़ पड़ा। विशाल शोभायात्रा में घर-घर भगवा छाएगा रामराज फिर आयेगा, राजतिलक की

■ **बजरंग बली व अन्य देवी देवताओं की झांकियों के साथ मर्यादा पुरूषोतम श्रीराम की विशाल यात्रा निकाली**

करो तैयारी आ रहे हैं भगवाधारी, वंदे मातरम, जय श्रीराम जय श्रीराम आदि उद्घोषों से पूरा कस्बा गूंजायमान हो उठा। हजारों की संख्या में जब युवाओं ने हाथों में केसरिया ध्वज के साथ पैदल व वाहनों के साथ सवार होकर रैली निकाली तो पूरा कस्बा भगवा रंग में रंग गया। शोभायात्रा मुख्य मार्गों से गुजरी तो सैकड़ो की संख्या में खड़े लोगो ने पुष्प वर्षा की तथा इस अवसर पर जमकर आतिशबाजी की गई। शोभायात्रा के दौरान अनेक मौहल्लो में घरो के आगे रंगोलीयाँ बनाकर शोभायात्रा का स्वागत किया गया। शोभायात्रा मुख्य मार्गों से होते हुए बाल बाड़ी भवन के पास सम्पन हुई। शोभायात्रा में विहिप के जिला उपाध्यक्ष प्रहलाद सिंह राजपुरोहित, संजय कुमार मोदी, विहिप के महामंत्री धनराज सैन, अनिल शर्मा, अंकित सेठिया, गौरव भाटी, शुभम जैन, श्रीराम निः स्वार्थ सेवा संगठन के अध्यक्ष संदीप सुथार, गढ़ के ठाकुर किशन राज सिंह सहित हजारों की संख्या में लोग पैदल रैली में शामिल हुए। शोभायात्रा को लेकर थानाधिकारी कैलाश चंद यादव व अन्य थानों से पहुंचे पुलिसकर्मी चाक चौबंद रहे।

चुनाव को लेकर वाहनों की तलाशी जारी

सादुलपुर, (निसं)। लोकसभा आम चुनाव 2024 की आदर्श आचार संहिता की पालना में बुधवार को विधानसभा क्षेत्र सादुलपुर के हरियाणा सीमावृति क्षेत्र में लगाये गये इन्टरस्टेट चेक पोस्ट न्यांगल छोटी पर पुलिसकर्मी पूर्ण मुस्तैदी के साथ आने जाने वाले वाहनों की गहनता से तलाशी करते हुए नजर आये। इसी दौरान चेक पोस्ट पर लगाये गये नाके पर आने जाने वाले वाहनों पर पुलिस पैनी नजर रखे है। इसी दौरान इन्टर स्टेट चेक पोस्ट न्यांगल छोटी पर तैनात इन्चार्ज जलेसिंह कास्टेबल ने बताया कि पुलिस प्रशासन इस क्षेत्र से गुजरने वाले वाहनो की जांच के लिए सघन तलाशी अभियान चलाये हुए है तथा आमजन से लोकसभा आम चुनाव-2०24 में शांति बनाये रखने तथा निष्पक्ष व भयमुक्त होकर मतदान करने की अपील की जा रही है।

डी.पी.एस. में धूमधाम से मनाई रामनवमी

डूंडलोद,(निसं)। डूंडलोद पब्लिक स्कूल डूंडलोद में भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय की छात्रा दिशा शर्मा ने भगवान श्रीराम के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। विद्यालय के छात्रावास के विद्यार्थियों ने सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया। विद्यालय सचिव बीएल रणवां व प्राचार्य जी. प्रकाश ने भगवान श्रीराम के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर प्राचार्य जी. प्रकाश ने विद्यार्थियों का मार्गदशन करते हुए बताया कि भगवान श्री पुरूषार्थ के प्रतीक, उत्तम आचरण व मर्यादा में रहने के कारण ही उन्हें मर्यादा पुरूषोत्तम कहा जाता है।

राजकुल में जन्म लेने पर भी अपने पिता महाराज दशरथ की आज्ञा का पालन करते हुए सभी सुखों का परित्याग कर धर्म, न्याय व सत्य के मार्ग पर चले। उन्होंने मानवीय रूप में ही सर्वसमाज का प्रतिनिधित्व करते हुए आचरण व असाधारण गुणों को प्राप्त किया। विद्यालय सचिव बीएल

■ **इस अवसर पर विद्यालय की छात्रा दिशा शर्मा ने भगवान श्रीराम के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला**

रणवां ने बताया कि भगवान श्रीराम सिर्फ एक आदर्श पुत्र ही नहीं बल्कि एक आदर्श पति और भाई भी थे। भारतीय संस्कृति में मर्यादा, आदर्श, विनम्रता, विवेक, लोकतांत्रिक मूल्यों और संयक का नाम ही श्रीराम है। जो व्यक्ति संयमित, मर्यादित और संस्कारित जीवन जीता है। निस्वार्थ भाव से उसी में मर्यादा पुरूषोत्तम श्री राम के आदर्शों की झलक परिलक्षित होती है। कार्यक्रम में विद्यालय समिति के सदस्य राहुल रणवां, उप प्रधानाचार्य धनंजय लाल, प्रभारी रेखा स्वामी, सुमनलता, मनजीत कौर, प्रबंधक नवीन शर्मा व समस्त डीपीएस परिवार उपस्थित था।

मतदाता अपनी ताकत का करें इस्तेमाल, मतदान से बनाए सुदृढ़ लोकतंत्रः सत्यानी

चूरू, (का.सं.)। जिला निर्वाचन अधिकारी पुष्पा सत्यानी के निर्देशन में मंगलवार सांय जिला मुख्यालय स्थित नेचर पार्क में एक शाम लोकतंत्र के नाम तथा स्वीप गतिविधि सतरंगी सप्ताह अंतर्गत वोट ट्री व दीपदान कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी पुष्पा सत्यानी ने समस्त जिलवासियों से लोकसभा आम चुनाव.2024 के दौरान मतदान दिवसए

■ **जिला मुख्यालय पर आयोजित हुआ एक शाम लोकतंत्र के नाम तथा वोट ट्री व दीपदान कार्यक्रम आयोजित**

19 अप्रैल को आवश्यक रूप से मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मतदाता अपनी मताधिकार की ताकत का इस्तेमाल करें तथा मतदान के साथ सुदृढ़ लोकतंत्र का निर्माण करें।

उन्होंने बताया कि जिलेभर में मतदाता जागरूकता के लिए सतरंगी सप्ताह, नुक्कड़ नाटक, रंगोली प्रतियोगिताए रैली आदि स्वीप गतिविधियों का आयोजन किया गया है।वोट ट्री व दीपदान कार्यक्रम के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी पुष्पा सत्यानी, सीईओ मोहनलाल खटनावलिया, एसीईओ दुर्गा ढाका, चूरू एसडीएम बिजेन्द्र सिंह, नायब तहसीलदार सुरेन्द्र पाल, एपीआरओ मनीष कुमार, बीडीओ प्रवीण सोनी सहित जिला व ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों ने दीप जलाकर मतदान का संदेश दिया इस अवसर पर स्वीप नोडल अधिकारी सीईओ मोहनलाल खटनावलिया ने उपस्थित सभी मतदाताओं को आवश्यक रूप से मतदान करने का संकल्प दिलाया।

कार्यक्रम में नर्सिंग अधीक्षक बजरंग हर्षवाल व आसलखेड़ी ढफ मंडली ने ढफ व ष्बाईसा रा बीरा आपां वोट देण चालां, लोक रंग से भरपूर सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। सुखराम भोपा व उनकी टीम ने पधारो म्हारे देश हितैषी पीथीसरिया ने लोकनृत्य तथा लोक कलाकार सुजानसिंह खींची, अनिता चौधरी ने मतदान गीत व नन्हें चैतन्य टुहानिया ने सगळा वोट देण चाल्या् गीत प्रस्तुत किया। इसी के साथ प्रभुदयाल व दिलीप कुमार तथा लोहिया महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने नाटक के माध्यम से मतदान की अपील की।

सीईओ मोहनलाल खटनावलिया ने स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले एसीईओ दुर्गा ढाका, उद्योग महाप्रबंधक नानुराम गहनोलिया, जिला खेल अधिकारी प्रकाशराम गोदारा, डॉ सरोज हारित, सीडीईओ जगबीर सिंह यादव, मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ शशिकांत अग्रवाल, संजय गोयल सहित अधिकारियों, कर्मचारियों व प्रतिभागियों का सम्मान किया। संचालन शिवुकमार शर्मा ने किया।इस असवर पर प्राचार्य डॉ सीएल वर्मा, विधि महाविद्यालय प्राचार्य डॉ श्रवण सैनी, प्रवक्ता जितेन्द्र कुमार, उद्योग सहायक आयुक्त उजाला भांभू, संदीप, मनीष, स्वीप सहायक नोडल अधिकारी शांतनु डाबी, रमेश सिसोदिया, अरूण टुहानिया, मनोज खारड़िया सहित अन्य उपस्थित रहे।

चूरू के नेचर पार्क में आयोजित हुआ एक शाम लोकतंत्र के नाम तथा वोट ट्री व दीपदान कार्यक्रम।

जिले में लोकसभा चुनाव के प्रचार सभाओं पर रोक,

पाटन,(निसं)। जिला कलक्टर शरद मेहरा ने लोकसभा आम चुनाव-2024 के क्रम में 19 अप्रैल को मतदान से पहले अंतिम 48 घंटे के लिए नीमकाथाना जिले में चुनाव प्रचार गतिविधियों, रैली सभाओं आदि पर बुधवार 17 अप्रैल शाम 6 बजे से रोक लगाने का आदेश जारी किया है।

भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के तहत स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव शांतिपूर्ण माहौल में करवाने के दृष्टिगत आदर्श आचार संहिता की अनुपालना और मानक संचालन प्रक्रिया के क्रम में यह आदेश जारी किया गया है। जारी आदेश के अनुसार, नीमकाथाना जिले में सभी क्षेत्रों ओर वर्गों के लोग मतदान के अपने संवैधानिक अधिकार का प्रयोग निष्पक्ष एवं भयमुक्त वातावरण में कर सकें, इसके लिए असामाजिक, अवांछित और लोक शांति में बाधक तत्वों पर नियंत्रण के लिए विशेष व्यवस्था की गई है।

आदेश के अनुसार, मतदान से पहले 48 घंटे की अवधि में नीमकाथाना जिले में चुनाव के संबंध में कोई भी व्यक्ति कोई सार्वजनिक सभा या जुलूस न बुलाएगा, न आयोजित करेगा, न उसमें उपस्थित होगा।

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड

IDFC FIRST Bank

(पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफससी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है)

CIN : L65110TN2014PLC097792

पंजीकृत कार्यालय - केआरएम टॉवर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चैन्नाई-600031

फोन- +91 44 4564 4000 | फैक्स- +91 44 4564 4022

वित्तीय अस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुनर्निर्माण एवं ब्याज प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के सैक्शन 13 (2) के तहत नोटिस

निम्न ऋणग्रहिताओं एवं सहऋणग्रहिताओं ने नीचे वर्णित आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड का सिक्योर्ड ऋण (पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफससी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) से लिया था। निम्नलिखित ऋणग्रहिताओं एवं सहऋणग्रहिताओं के ऋण उनकी अपनी-अपनी सम्पत्तियों के गिरवी रखने से सुरक्षित है। क्योंकि उन्होंने अपने-अपने ऋण एग्रीमेन्टस के नियम व शर्तों की पालना नहीं की है और अनियिमित हो गये है, उनके ऋणों को आरबीआई की गाइडलाइन्स के अनुसार एनपीए वग्रीकृत कर दिया गया है। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफससी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) को देय राशियाँ उनके पृथक नोटिस में लिखी गयी है तथा और विशेष रूप से निम्न सूचि में वर्णित है और उक्त राशियों पर आगे का ब्याज भी लागू होगा तथा वह उनकी अलग-अलग तिथियों से समझौते की प्रभावी दर से वसूला जायेगा।

क्रम संख्या	ऋण खाता संख्या	ऋण का प्रकार	ऋणग्रहिताओं एवं सहऋणग्रहिताओं के नाम	सैक्शन 13(2) के नोटिस की तिथि	सैक्शन 13(2) नोटिस के अनुसार बकाया राशि	सम्पत्ति का पता
1	64744683	सम्पत्ति पर ऋण	1. राजेश कुमार 2. आची देवी	30.03.2024	12,31,202.45/-	पट्टा नं.09, बुक नं.236, क्षेत्रफल 132.12 वर्ग गज, रायल रोड, वार्ड नं.4, ग्राम-घाटेश्वर (दायरा), ग्राम पंचायत-दायरा, पंचायत समिति-खंडेला, तहसील-खंडेला, जिला-सीकर, राजस्थान-332709 का पूरा व प्रत्येक भाग, और सीमायें है- पूर्व-31'6'' आम रास्ता, पश्चिम-31'6'' श्री अशोक कुमार पुत्र श्री सुन्डा राम खाती का मकान, उत्तर-37'9'' श्री राजेश कुमार व श्रीमती अनीता का मकान, दक्षिण-37'9'' आम रास्ता

आपको एतद्द्वारा, इस प्रकाशन के 60 दिन के अन्दर, ऊपर सूचि में दर्शायी राशियों को उनकी प्रथम तिथि से, उस पर लगे आगे के समझौते में ब्याज दर तथा अन्य खर्चों, चार्ज आदि सहित आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लि. (पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफससी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) को भुगतान करने को कहा जा रहा है, यदि ऐसा नहीं हुआ, तो अधोहस्ताक्षरकर्ता को, एसएआरएफएइएसआई एक्ट के सैक्शन 13(4) तथा सैक्शन 14 के तहत, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफससी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) को देय राशि वसूल करने के लिये, गिरवी रखी सम्पत्तियों के खिलाफ कार्यवाही शुरू करने के लिये बाध्य होना पडेगा/इसके अलावा उक्त एक्ट के सैक्शन 13 (13) के तहत आप उक्त सम्पत्तियों को बिक्री/लीज अथवा किसी अन्य प्रकार से ट्रांसफर नहीं करने के लिये प्रतिबंधित है।

ह./-

दिनांक- 18.04.2024

स्थान- सीकर

प्राधिकृत अधिकारी

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड

(पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफससी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है)